959. नोहर नहर परियोजना को निम्न में से किस स्रोत से जल मिलता है?

(a) रावी-ब्यास (b) सतलुज
(c) बीसलपुर (d) पाँचना

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (a) सिद्धमुख नोहर नहर परियोजना राजस्थान राज्य की परियोजना है, जिसे अब राजीव गांधी नोहर परियोजना के नाम से जाना जाता है। इस परियोजना का शिलान्यास 5 अक्टूबर 1989 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने किया था। नोहर नहर परियोजना को रावी एवं व्यास नदियो के स्रोत से जल मिलता है। इसके लिए भाखड़ा मुख्य नहर से 275 km लम्बी एक नहर निकाली गयी है। सिद्धमुख नोहर परियोजना से हनुमानगढ़, हिसार, चुरू जिलों को लाभ होता है।

960. नोहर नहर परियोजना को निम्न में से किस स्रोत से जल मिलता है?

(a) रावी–ब्यास (b) सतलुज
(c) बीसलपुर (d) पाँचना

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020
Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

961. सिद्धमुख नहर द्वारा कौन-से जिले-युग्म में सिंचाई की जाती है?

(a) हनुमानगढ़ तथा गंगानगर
(b) गंगानगर तथा चुरु
(c) चुरु तथा हनुमानगढ़
(d) सीकर तथा चुरु

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

962. निम्न में कौन सा जिला सिद्धमुख परियोजना से सिंचाई जल प्राप्त नहीं करता है?

(a) हनुमानगढ़ (b) श्रीगंगानगर
(c) बीकानेर (d) चूरू

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

963. रावी व व्यास नदियों का अतिरेक जल राजस्थान की किस सिंचाई परियोजना को प्राप्त होता है?

(a) गंग तथा इन्दिरा गांधी नहर
(b) इन्दिरा गांधी तथा सिद्धमुख नहर
(c) नोहर तथा सिद्धमुख नहर
(d) इन्दिरा गांधी तथा नहर नहर

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (c) रावी व व्यास नदियों का अतिरेक जल राजस्थान की नोहर तथा सिद्धमुख नहर को प्राप्त होता है।

964. ईसरदा सिंचाई परियोजना स्थित हैं ________

(a) झालावाड़ में (b) डूंगरपुर में
(c) चित्तौड़गढ़ में (d) सवाई माधोपुर में

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (d) बनास नदी के अतिरिक्त जल को ग्रहण करने हेतु यह परियोजना सवाई माधोपुर के ईसरदा गाँव में बनायी गयी हैं इस सिंचाई परियोजना से सवाई माधोपुर, टोंक एवं जयपुर को जलापूर्ति होती है।

965. इनमें से कौन सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) जवाई बाँध-पाली
(b) राणाप्रताप सागर बाँध-चित्तौड़गढ़
(c) उम्मेद सागर बाँध-भीलवाड़ा
(d) बजाज सागर बाँध-डूँगरपुर

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (d) बजाज सागर बाँध बांसवाड़ा जिले में स्थित है। प्रश्नगत अन्य विकल्प सुमेलित हैं। माही बजाज सागर बांध माही नदी पर निर्मित है। इसका निर्माण विद्युत उत्पादन एवं पानी की आपूर्ति के लिए किया गया था। यह राजस्थान के आदिवासी क्षेत्र के लिए सबसे बड़ी बहुद्देशीय परियोजना है।

966. निम्नलिखित में से कौन सा (लिफ्ट नहर-लाभान्वित जिले) सुमेलित नहीं है?

(a) डॉ. करणी-बीकानेर और जोधपुर
(b) गुरु जम्भेश्वर-बीकानेर, जोधपुर और जैसलमेर
(c) पोकरण-जैसलमेर और जोधपुर
(d) वीर तेजाजी-बीकानेर

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (*) – दिये गये चारो विकल्प सही सुमेलित है-

लिफ्ट नहर		लाभान्वित जिले
डॉ. करणी	-	बीकानेर और जोधपुर
गुरु जम्भेश्वर	-	बीकानेर, जोधपुर एवं जैसलमेर
पोकरण	-	जैसलमेर एवं जोधपुर
वीर तेजाजी	-	बीकानेर

967. निम्नलिखित में से कौन हनुमानगढ़ व चुरू जिलों के लिए जल का स्रोत है?

(a) कँवरसेन लिफ्ट नहर
(b) गुरु जम्भेश्वर लिफ्ट नहर
(c) चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर
(d) पोकरण लिफ्ट नहर

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (c) चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर को गंधेली (नोहर) साहवा लिफ्ट नहर के नाम से भी जाना जाता है। यह लिफ्ट नहर इंदिरा गांधी नहर से निकाली गई है। चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर द्वारा लाभन्वित जिले हनुमानगढ़, चुरू, तथा झुंझुनू है।

968. राजस्थान के उत्तर में इंदिरा गाँधी नहर की लिफ्ट परियोजनाओं की स्थिति को (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित किया गया है। नीचे दी गई क्रमावली से इनका सही अनुक्रम पहचानिए-

(a) करणीसिंह, जयनारायण व्यास, चौधरी कुम्भाराम,पन्नालाल-बारूपाल
(b) चौधरी कुम्भाराम, पन्नालाल-बारूपाल, करणीसिंह, जयनारायण व्यास